सादर प्रकाशनार्थ

दिनांक : 04-08-2015

वैदिक वीरांगना दल

जयपुर में पहली बार होगा 108 लड़कियों का उपनयन संस्कार

जयपुर। वैदिक वीरांगना दल द्वारा जयपुर में पहली बार एक साथ 108 लड़कियों का उपनयन संस्कार करवाया जाएगा। 19 एवं 20 सितम्बर को आयोजित समारोह के लिए निःशुल्क पंजीयन शुरू हो गए हैं।

वैदिक वीरांगना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनामिका शर्मा ने बताया कि वैदिक परंपरा में महिलाओं को भी यज्ञोपवीत (जनेऊ) पहनने का अधिकार है। इसी परंपरा के निर्वहन में वैदिक वीरांगना दल एक साथ 108 युवतियों का उपनयन (यज्ञोपवीत) संस्कार करवाकर उन्हें जनेऊ धारण करवाएगा। समारोह वैदिक विद्वानों व संन्यासियों के सान्निध्य में होगा। संस्कार समारोह में शामिल होने वालों के लिए आवास व भोजन की व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क रहेगी।

निःशुल्क पजीयन के लिए वैदिक वीरांगना दल के राष्ट्रीय कार्यालय बी-123, मालवीय नगर, जयपुर पर संपर्क कर सकते हैं। संस्थान का फोन नंबर 0141-2525870 है।

अनामिका शर्मा

राष्ट्रीय अध्यक्ष

कार्यालय : बी-123, मालवीय नगर, जयपुर।

फोन : 0141-2525870

मोबाइल : 9829665231